हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री


11 गंगरेल में न्यू ईयर का स्वागत, रिसोर्ट की बुकिंग फुल





12 गुरू घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर निकली भव्य..





अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन

कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं

त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण

डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित

पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है

LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन

PILES FISSURE FISTULA

एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर

सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल

प्रदीप हॉस्पिटल

कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का ईलाज स्मार्ट कार्ड से होगा.

उपलब्ध सुविधाएं

स्त्री रोग - नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लैडर, स्तन के गांठ, स्तन कैंसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रूकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से नि:शुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायरायड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, नि:शुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर

डॉ. प्रीति साहू M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रदीप साहू M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)


## खबर संक्षेप

### सारंगपुरी में आज मनेगी घासीदास जयंती

**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में आज गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी मजरकट्टा जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी धन्नू जांगड़े, नरेश बघेल, विनय जांगड़े, शानू गायकवाड़ ने दी है।

### अजय आज जीजामगांव में

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की 267 वीं जयंती मनाई जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। आयोजन की तैयारी में सतनामी समाज एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।



### बेलौदी में आज होगी मड़ई

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में बाबा गुरुघासी दास की जयंती पर 18 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मां अम्बे कोरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भैंसमुंडी कुरूद एवं महिला पंथी पार्टी ग्राम धौराभाठा का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में शिवरतन बंजारे, नंदू रात्रे, भानु रात्रे, ओमप्रकाश बंजारे, संजय, शांतनु बंजारे, चेतन टंडन, पोखराज चेलक, पुराणिक, हेमलाल, रामदयाल, सुखदेव, अर्जुन बंजारे, प्रेमलाल, लीलाराम, सागर, संतलाल बंजारे, साहेबदास बंजारे, कीर्ति बंजारे, समीर बंजारे जुटे हैं।

### कालेज में जैव विविधता पर हुई व्याख्यानमाला

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं प्रो. कौशल नायक विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र विभाग के संयोजन में जैव विविधता पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता प्रो. ओपी चांदे सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र थे। प्रो. ओपी चांदे ने जैव विविधता के महत्व और आसपास की वनस्पतियों को जीवों को किस प्रकार बचाना चाहिये, इस बिन्दु पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने उनके गुणों को बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

### नशामुक्ति केंद्र में व्यसन छुड़ाने लाये गये बच्चों ने बताई अपनी दास्तान

# नशे में उड़ रहा कल का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर की स्लम बस्तियों में बचपन नशे के आगोश में है। कल का भविष्य कहलाने वाले सिलोशन, शराब और गांजे के धुएं में भविष्य को उड़ा रहे हैं। इन दिनों नशामुक्ति केंद्र में नशा छुड़वाने पहुंचाये गये बच्चों से हरिभूमि ने चर्चा की तो बच्चों के बहकने के कई तथ्य सामने आये।

उम्र 11 साल, मकेश्वर वार्ड निवासी व बातचीत में एकदम फ्रेंडली। पिता बोरा सिलाई, हमाली का काम करता है। दो भाई, एक बहन में मंझला बेटा बताता है कि मां और बाबूजी का रोज लड़ाई-झगड़ा मचता था। एक दिन बाबूजी ने मां से मारपीट कर उसे भगा दिया। बाबूजी हमेशा शराब के नशे में रहते, कभी घर आते कभी नहीं आते। चाचा ने तीनों भाई-बहन को पनाह दी। उसने बताया कि स्कूल की पढ़ाई में उनका मन नहीं लगता था। घर के पास मकई तालाब में अलग-अलग झुंड में लोग बैठे रहते थे। वह स्कूल से भागकर झुंड में जाने लगा। उसे वहां पर ताशपत्ती का जुआ देखना अच्छा लगता था। जुए खेलने वाले उससे पानी पाउच, बीड़ी, सिगरेट, डिस्पोजल, चखना मंगाने लगे। इसके बदले खर्च के लिए कुछ पैसे मिल जाते थे। जुआ खेलने वालों में कुछ नवयुवक उन्हें अपना आईडल लगने लगा। उनके पास बटंची चाकू होते थे। चाकू दिखाकर मुझे हौसला देते थे, कुछ भी करो मैं हूं। पुष्पा फिल्म के हीरो के स्टाइल से वह प्रभावित हो गया। फिर क्या था सिलोशन का नशा करना, गांजा-दारू सब पीना शुरू कर दिया। कुछ दिनों के बाद नशे के लिए पैसे की जरूरत पड़ने लगी तो वह चोरी करने लगा। किसी दुकान से बट चुराना, खड़े वाहनों से जेक, निर्माणाधीन तथा सूने मकान से लोहे की राड चुराकर कबाड़ में बेचने लगा।

मकेश्वर वार्ड में उसके साथ दो और बच्चे हैं। एक बच्चे की उम्र 12 वर्ष है। मां का देहांत होश संभालते हो गया। पिता गांव-गांव जाकर दाल, साबुन बेचने का काम करता है। वह सुबह 5 बजे धंधे में निकल जाता था। उसकी दोस्ती उनके साथ होने से वह भी नशा तथा चोरी करने लगा गया। एक बच्चे के सिर पर पिता का साया नहीं है। मां घरेलू काम करके बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। अभिभावक इन्हें समय और संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। दोस्तों के साथ शहर में खड्डा बीनना, चोरी करना, शनिदेव मंदिर, बिलाईमाता मंदिर के पास भीख मांगना, चौपाटी के पास देर रात तक भटकते रहना और नशा करने लगा।

महंत घासीदास वार्ड निवासी सुरेश कुमार सोनी 35 वर्ष का है। वह 14 साल की उम्र से गांजा का सेवन कर रहा है। निगम में प्लेसमेंट पर सफाई करने का काम करता था। गांजा-दारू के चक्कर में वह काम पर जाना बंद कर दिया। पत्नी भी साथ छोड़कर चली गई। आसपास के लोग उससे साफ-सफाई कराकर गांजा, दारू पिला देते थे। धीरे-धीरे वह मानसिक रूप से डिस्टर्ब हो गया। कान्फिडेंस लेवल खोने के कारण वह किसी से बातचीत नहीं कर पा रहा था।

रायपुर देवपुरी से नशामुक्ति केंद्र पहुंचे 17 वर्षीय नाबालिग ने बताया है कि स्कूल के दोस्त गांजा, दारू पीते थे। उसे देखकर पीने की आदत लग गई। उसके पापा वेल्डिंग वर्कशाप में काम करते हैं। मां अगरबत्ती कंपनी में। उसने बताया कि सिलोशन पीने से दिमाग उत्तेजित हो जाता है। वह घर से पैसे नहीं मिलने पर कई बार अपना हाथ ब्लेड से काट देता था।

नशामुक्ति केंद्र के प्रबंधक तोमेन्द्र साहू, सामाजिक कार्यकर्ता खिलावन साहू ने बताया कि नशामुक्ति केंद्र में इन्हें 24 घंटे नजर में रखना पड़ता है। शौचालय जाने पर वे शौचालय के बाहर का गेट लगाकर भागने का प्रयास करते हैं। कई अभिभावक बच्चों के रोने-कलपने से पिघल जाते हैं और वापस ले जाते हैं। बच्चों के बिगड़ने की मुख्य वजह बच्चों को माता-पिता का समय नहीं मिलना, संस्कार और पारिवारिक दबाव में नहीं रखना प्रमुख कारण है।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित साहू विधायकों का सम्मान समारोह 24 को





**धमतरी।** तहसील एवं जिला साहू संघ द्वारा 24 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी के प्रांगण में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित साहू विधायकों का सम्मान समारोह रखा गया है। जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन, मां कर्मा आरती, दोपहर 12 बजे विधायकों का सम्मान किया जायेगा। श्री साहू ने बताया कि कार्यक्रम में अरूण साव उपमुख्यमंत्री छग शासन, ओंकार साहू विधायक धमतरी, मोतीलाल साहू विधायक ग्रामीण रायपुर, इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, रोहित साहू विधायक राजिम, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, ईश्वर साहू विधायक साजा, दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, बालेश्वर साहू विधायक जैजेपुर, संदीप साहू विधायक कसडोल, इंद्र साव विधायक भाटापारा का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित होगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


## उन्हारी की प्लानिंग फेल, खेतों में थरहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



दलहन-तिलहन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने धान की फसल को अपनी प्लानिंग में शामिल ही नहीं किया है। उधर कृषि विभाग की इस प्लानिंग से अलग किसान धान की तैयारी में जुट गए हैं। सिंचाई सम्पन्न क्षेत्रों में 80 प्रतिशत किसान धान की नर्सरी भी डाल चुके हैं।

- गिने-चुने किसानों ने लगाया दलहन-तिलहन, बाकी किसानों का रूख धान की ओर

रबी सीजन में हर साल 50-55 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली जाती है। इस साल कृषि विभाग ने धान के रकबे को अपनी प्लानिंग से हटा दी है। जिले में तकरीबन 30 हजार हेक्टेयर में रबी धान की खेती होती है। इस साल इस रकबे को छोड़कर 23 हजार 750 हेक्टेयर में ही प्लानिंग की है, जिसमें दलहनी-तिलहनी जैसी फसलों को बढ़ावा दिया गया है। पहले किसान दलहनी-तिलहनी फसल को लगाने में रूचि ले रहे थे लेकिन अब वे फिर से धान फसल की ओर रूख कर चुके हैं। जिले के अधिकांश किसान रबी सीजन में धान लगाने की तैयारी कर चुके हैं। जिन क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा नहीं है या सिंचाई सुविधा कमजोर है, केवल उसी क्षेत्र के किसान दलहन-तिलहन की फसल लगा रहे हैं।

### नर्सरी तैयार करने में जुटे किसान

भले ही कृषि विभाग ने अपनी प्लानिंग में धान को शामिल नहीं किया है लेकिन किसान धान की फसल लेने के लिए थरहा तैयार कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर थरहा के पौधे तैयार हो चुके हैं। वहीं कुछ स्थानों पर किसान धान के बीज को पानी में डुबाकर अंकुरण आने का इंतजार कर रहे हैं। जनवरी माह से पहले लगभग सभी किसान थरहा डाल चुके होंगे। जनवरी माह के दूसरे सप्ताह से रोपाई का काम भी शुरू हो जाएगा।

### किसानों को नहीं कर पाए राजी

जिले में सालों से धान की डबल फसल ली जा रही है। इससे होने वाले नुकसान को देखते हुए कृषि विभाग लगातार रबी में दहलन और तिलहन की फसल लगाने पर जोर दे रहा है। इस प्रयास में कहीं न कहीं कमी रह जाती है, जिसके चलते किसान फिर से धान की फसल की ओर मुड़ जाते हैं। इस साल तो किसानों को दलहन-तिलहन का बीज ही नहीं मिल पाया। ऐसे में फसल चक्र परिवर्तन की कोशिश को फिर से गहरा झटका लगा है।

### राजमा की खेती है अच्छा आप्शन

धान की खेती में लागत और मेहनत लगती है। इसके साथ ही किसानों को लाभ भी अच्छा मिल रहा है। इसके विपरीत दलहन-तिलहन में लागत और मेहनत कम लगती है। इसमें लाभ भी कम मिलता है। उधर कुछ किसान राजमा की खेती कर रहे हैं। कुरूद क्षेत्र के सौराबांधा, कोर्रा सहित अन्य क्षेत्र में किसानों ने एक बड़े रकबे में इसकी बोनी की है। बताया जा रहा है कि इसमें धान के समानांतर प्रॉफिट होता है। लागत और मेहनत कम लगती है। पानी की खपत भी कम होती है।






### रूद्री बैराज में मेंटनेंस के चलते नहर में नहीं छोड़ा पानी

# नहर से नहीं मिला पानी, शहर में रही सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बस एक चूक और पूरे शहर में पानी के लिए हाहाकार मच गया। रूद्री बैराज में मेंटनेंस के चलते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया, जिससे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी नहीं आया और पूरे शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित रही।

शहर सहित आसपास के क्षेत्र में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई होती है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी रूद्री बैराज से पहुंचता है। रविवार को बैराज में मेंटनेंस के चलते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। इसकी जानकारी नगर निगम को पानी सप्लाई बंद करने से पहले देनी थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बिना किसी सूचना के नहर में पानी की सप्लाई रोक दी गई। उधर नगर निगम इसके लिए तैयार नहीं था। जब तक अधिकारियों को इसकी जानकारी हुई, तब तक देर हो चुकी थी। दिनभर वाटर ट्रीटमेंट में पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ और न ही ओव्हरहेड टंकियों को भरा जा सका। इस समस्या के चलते शाम को शहर के अधिकांश वार्डों में पानी की सप्लाई प्रभावित रही। उधर नहर में पानी रोके जाने की जानकारी इंजीनियर कामता प्रसाद नागेंद्र और जल विभाग अध्यक्ष हाशमी को हुई तो सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर रुद्री गेट चालू कर बड़ी नहर में पानी भरवाने कवायद शुरू की गई। अब नहर में पानी छोड़ दिया गया है। रात में प्लांट चालू करवाकर शहर की सभी ओवरहेड टंकियों को भरा जाएगा। सुबह पानी की सप्लाई सुचारू हो जाएगी।

### कई वार्डों में रही गंभीर समस्या

नलों से पानी नहीं मिलने पर कई वार्डों में गंभीर समस्या पैदा हो गई। लोगों को पानी की सप्लाई बाधित होने की जानकारी पहले से नहीं मिल पाई थी, जिसके चलते वे अपनी तैयारी नहीं कर पाए थे। मकेश्वर वार्ड, दानीटोला आमापारा, रिसाईपारा सहित कई वार्ड में लोग पानी के लिए भटकते रहे। उल्लेखनीय है कि शहर में 125 मोटरपंप है। इससे पानी की सप्लाई करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ ही वार्डों में पानी की सप्लाई हो पाई। इसके अतिरिक्त 6 टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की गई।


## खबर संक्षेप

### खपरी में आज घासीदास जयंती व कल मड़ई

**अंवरी।** ग्राम खपरी (बंगोली) में ग्रामवासियों के सहयोग से संत गुरु घासीदास जयंती 18 को एवं 19 दिसंबर मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए नवा किरण नाच पार्टी भंडारपुर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पुरानिकराम चतुर्वेदी, लैनूराम केसरी, फूलचंद कुर्रे, विष्णु प्रसाद, दशरथसिंह वर्मा ने दी है।

### बंगोली में आज मनेगी घासीदास जयंती

**कुरूद।** सतनाम धर्म के प्रणेता संत बाबा गुरु घासीदास की 267वीं



जयंती आज ग्राम बंगोली में धूमधाम से मनाई जाएगी। सतनामी समाज के घर-घर में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। शाम को जैतखाम पर सफेद ध्वज फहराएंगे। अनुसूचित जाति युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विक्रम बंजारे ने बताया कि 18 दिसंबर को सतनामी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है। इस दिन गुरु घासीदास बाबा का जन्मोत्सव श्रद्धा-उल्लास से मनाया जाता है। सतनामी बहुल बस्तियों में गुरु की अमृतवाणियां सुबह से ही गुंजायमान होती रहेंगी। संध्या बेला में सभी पवित्र जैतखाम में पंथी नृत्य व मंगल आरती के साथ नया सफेद ध्वज चढ़ाया जाएगा।

### मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की मदद की

**नगरी।** एक महीने से नगरी में मानसिक रूप से एक कमजोर



बुजुर्ग व्यक्ति घूम रहा था। उसकी उम्र 70 वर्ष है। पूछने पर उसने मैनपुर अभनपुर का रहवासी बताया। रविवार को समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने उसकी दाढ़ी, बाल कटवाकर नया कपड़ा व कम्बल दिया। उसे खाना खिलाया।

दीवारों की सीलन और कच्चे मकान से मिली मुक्ति

# सुनीता को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का सहारा



- प्रधानमंत्री आवास योजना से 1 लाख 20 हजार रूपए की मिली आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मकान प्रत्येक व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकता है। जीविकोपार्जन के प्रबंध के बाद व्यक्ति को एक सुरक्षित मकान बनाना उनकी प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। लेकिन गरीबी के कारण इसका प्रबंध कर पाना मुश्किल कार्य होता है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप कभी असंभव लगने वाला कार्य आज संभव होता नजर आ रहा है।

जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के चलते हजारों ग्रामीणों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत धमतरी जिले के कुरुद विकासखण्ड के ग्राम कोर्रा की सुनीता कामड़े पति संतराम कामड़े को सुरक्षित आशियाना मिल गया है। इससे उनका पक्का मकान बनाने का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया है।

### पहले कच्चे मकान में खप्पर व पॉलीथिन डालकर रहती थी

सुनीता ने बताया कि पहले उनका कच्चा मकान था, जिसमें खप्पर और पॉलीथिन डालकर रहना पड़ता था। कच्चा मकान होने के कारण बारिश के समय में सीलन, कीड़े-मकोड़े और पानी भर जाने जैसी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सुनीता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन किस्तों में 1 लाख 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिलने से पक्का मकान बना है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनने से समस्याओं से मुक्ति मिल गई है।

### मोदी की गारंटी से अब गरीबों को मिलेगा पक्का मकान

सुनीता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गारंटी दी थी कि वे प्रदेश के 18 लाख परिवारों को आवास देंगे। उस गारंटी को पूरा करने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर रहे हैं जिसके लिए सुनीता ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 40 हजार 388 स्वीकृत मकानों में से 37 हजार 483 मकान पूर्ण कर लिए गए हैं, जिसका प्रतिशत 92.81 है। आवास पूर्ण कराने के मामले में धमतरी जिला राज्य में दूसरे स्थान पर है।

## शिव-विवाह की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता





**सांकरा।** ग्राम सांकरा में राधे-राधे सत्संग समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचिका बालविदुषी प्रभुप्रिया ने शिव-पार्वती विवाह कथा का सुंदर वर्णन किया। शिव पार्वती विवाह की कथा का श्रवण कराते हुए प्रभुप्रिया ने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर हिमाचल पहुंचे तो माता पार्वती के माता-पिता बारात में सम्मिलित भूत, प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। शिव-पार्वती विवाह की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। इस दौरान आयोजन समिति के पारस साहू उपसरपंच, शोभाराम साहू, वासुदेव साहू, बलराम राजपूत, रामभुवन सार्वा, गिरधारी लाल, मिथलेश साहू, घनश्याम तारक, तीरथ साहू, भारत साहू, लूनकरण, पीलसाय सहित ग्रामवासी व आसपास के गांवों के श्रोता उपस्थित थे।

- सांकरा में नौ दिवसीय श्रीराम कथा जारी

# अनुसुईया का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी साइकिलिंग में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत कुमारी अनुसुईया का चयन आल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी साइकिलिंग महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

अंतर महाविद्यालयीन साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर को नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा अभनपुर में हुआ था। रायपुर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों से आई महिला खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा में कुरूद महाविद्यालय की खिलाड़ी अनुसुईया ने सबसे कम समय में तेजी के साथ दूरी को पूरा किया एवं प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में चयन के पश्चात जनवरी 2024 में खिलाड़ी अनुसुईया पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करने छत्तीसगढ़ से बाहर जायेंगी। महाविद्यालय आगमन पर खिलाड़ी अनुसुईया का सम्मान प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान कर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर एवं क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन ने किया।

खिलाड़ी अनुसुईया की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीके राठौर, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणि श्रीमाली, प्राध्यापक डॉ. एन.के. मेश्राम, एम.एस. साहू, डॉ. आर.के. पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बी.आर. देवांगन, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह, लीना दिली, विजय, कौस्तुभ तिवारी, एच.आर. उईके, तेजराम सिन्हा, वाय.आर.उईके, के.आर. डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, डिगेश्वर बैस एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं जनभागीदारी शिक्षक उपस्थित थे। विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हरी सब्जियों की कीमत कम होने से लोगों को मिली राहत

- इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, मूली, लौकी 10 तो कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी 20 रुपए बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मौसम बदलते ही बाजार में हरी सब्जियों की आवक बढ़ गई है। इससे सब्जियों के दाम तेजी से गिरे हैं। हरी सब्जियों से अब रसोई सजने लगी है। सब्जी उत्पादक किसानों की बाड़ी से सब्जी की फसल भरपूर मात्रा में निकलने लगी है। सब्जी विक्रेता मोहन सोनकर ने बताया कि मौसम खुलने का असर बाजारों में देखने को मिल रहा है। बाजार में इन दिनों सब्जी की आवक बढ़ गई है। इससे दाम में कमी आई है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियां सस्ती होने से उपभोक्ताओं के चेहरे खिले नजर आए। सब्जी विक्रेता ओमेश सोनकर, अनीता सोनकर ने बताया कि रविवार को टमाटर, मूली, लौकी 10 रूपये किलो बिका। कुम्हड़ा, केला, पत्ता गोभी 20 रूपये किलो रहा। भटा, गाजर, कुंदरू, डोड़का, तोराई 30 रूपये किलो रहा। बरबटी, गोभी, मिर्च मटर 40 रूपये किलो बिका। कोचई, शिमला, परवल 50 रूपये किलो रहा। भिंडी, ग्वारफल्ली, सेमी 60 रूपये किलो बिका। करेला, धनिया, मेथी, कटहल 80 रूपये किलो रहा। मुनगा, अदरक 120 रूपये किलो बिका। सब्जी उत्पादक किसान फागूराम सोनकर ने बताया कि सप्ताह भर पूर्व अंचल में हुई बेमौसम बारिश की वजह से सब्जी की फसल तबाह हो गई। खेतों में पानी भर गया था। इससे सब्जी के पौधे गल गए। फलों में कीड़े लग गये थे। उत्पादन प्रभावित होने से बाजार में आवक कम हो गई जिससे सब्जी कीमत बढ़ गई थी। नई बोनी के बाद रेट फिर से कम हो गए। बाजार आई गृहिणी किरण राव, मंजुलता राव ने बताया कि मनपसंद सब्जी के दाम कम होने से उन्हें खुशी मिल रही है। रेट कम होने से रसोई का खर्च कम हो गया है। घर परिवार के लोगों को अब तीनों टाइम हरी सब्जियां खाने को मिल रही हैं।

### आलू 20, प्याज 40 में बिका

हरी सब्जियों के साथ-साथ अब आलू-प्याज के दाम भी कम होने लगे हैं। नया आलू अभी बाजार में 20 रूपये किलो बिक रहा है। वहीं प्याज 15 रूपये किलो सस्ता होकर 40 रूपये में आ गया है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि इस सप्ताह शक्कर 43, गुड़ 48, मिर्च 260, हल्दी 110, धनिया 110, जीरा 520, काली मिर्च 780, तेल रिफाइंड पाउच 105, लहसुन 260, सरसों 70, मेथी 90, राहर दाल 160, मूंगदाल 105, उड़द दाल 115, मसूर दाल 85, चना देशी 75, काबुली चना 120, मटर 85, चना दाल 85 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 78 रूपये दर्जन रहा।

## आनंद मेला में छात्रों ने 20000 रुपए का किया व्यवसाय



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली छोटी में आनंद मेला का आयोजन किया गया था। विद्यालय के प्राचार्य एनके साहू ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की कार्यक्रम की आवश्कता है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चे स्कूली शिक्षा के अतिरिक्त व्यवसायिक शिक्षा से अवगत होते हैं। आनंद मेला में बच्चों द्वारा स्व निर्मित मिठाइयां और छत्तीसगढ़ी व्यंजन रखे गये। मुख्य रूप से गुलाब जामुन, गुजिया, मिर्च भजिया, पकौड़ा, पुड़ी, इडली, ढोकला, दोसा, मूंगबड़ा, चाय, गुपचुप, भेल, फ्रूट सलाद, पान सेंटर आदि व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था। आनंद मेला के माध्यम से बच्चों ने लगभग 20000 रूपये का व्यवसाय किया। बताया कि 50 रुपये की सबसे कम लागत से चावल आटा का पराठा बनाकर व्यवसाय किया जा सकता है। इसका अनुभव छात्रों को मिला। मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विष्णु कुमार साहू, डीआर साहू, सुकलाल प्रजापति, लोकेश्वर हिरवानी, प्रयाग दास वैष्णव, फग्गू राम घृतलहरे, शिक्षक योगेन्द्र बनपेला, मानसिंग कपूर, जितेंद्र नाग, रितेश अग्रवाल, नरेंद्र राव मोहिते, लक्ष्मीनारायण साहू, दीपक बंजारे, केके तंबोली, गोविंद निषाद, राजाराम निषाद, त्रिवेणी साहू, कृष्ण घृतलहरे, सत्यवती नेताम, धरम नेताम, चिंताराम साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

- करेली छोटी हाईस्कूल में हुआ आयोजन

## अंचल की खबरें

### ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने किया विधायक का सम्मान



**नगरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम का सम्मान किया गया। राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने श्रीमती मरकाम को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर फूलमाला पहनाई। विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि आप सभी के स्नेह, प्यार और आशीर्वाद का प्रतिफल है जो मुझे जीत के रूप में प्राप्त हुआ है। मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा कृत संकल्पित रहूंगी। संस्था प्रमुख राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने कहा कि आप ऐसे ही अपने कर्तव्य पथ पर हमेशा बढ़ते रहिए। सेवा भाव से क्षेत्र का विकास कीजिए।

### नपं में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया



**कुरूद।** नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत नगर में स्वच्छता मित्रों ने विभिन्न वार्डों की साफ-सफाई की। वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत भारत माता चौक में मूर्ति, ओपन जिम, मिनी गार्डन एवं सड़क और आसपास की सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस कार्य में निकाय के अधिकारी, कर्मचारी गणमान्य नागरिकों ने भी स्वच्छता मित्रों का हाथ बंटाया। इस मौके पर सभी ने सामूहिक स्वर में शपथ ली कि नगर हमारा है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी भी हम ही उठाएंगे। सीएमओ दीपक खांडे ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सभी वार्डों में नियमित रूप से सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस काम में आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।

### मड़ेली में पंथी नृत्य प्रतियोगिता आज से

**जीजामगांव।** सतनाम धर्म जागरूक सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा घासीदास की जयंती पर ग्राम मड़ेली में त्रिदिवसीय



पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 दिसम्बर तक किया गया है। प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3501, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रूपये दिया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ मीनार, सर्वश्रेष्ठ गायन, वादन, अनुशासन, सर्वश्रेष्ठ नृत्य, वेशभूषा, झांकी पर विशेष पुरस्कार 301 रूपये दिया जायेगा। प्रत्येक मंडली को 1351 रुपये सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में लालसिंग चंदेल अध्यक्ष, नेहरूराम लहरे उपाध्यक्ष, शंकर जांगड़े कोषाध्यक्ष, देवचरण कुर्रे सचिव, डोमन लाल बघेल सहसचिव, देवराम लहरे भंडारी सहित सदस्यगण एवं सतनामी समाज तथा ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### सेमरा में रासेयो इकाई का विशेष शिविर लगा



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंबा शुक्ला के संयोजन में ग्राम पंचायत सेमरा में रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ध्रुव सरपंच थे। अध्यक्षता लखनलाल साहू अध्यक्ष शीतला समिति थे। सरपंच ने परियोजना कार्य एवं साफ-सफाई के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। प्राचार्य आरआर मेहरा ने शिविर की दिनचर्या की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन ने किया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
22 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### फ्लाई बोट का रोमांच लेने पहुंच रहे युवा

# गंगरेल में न्यू ईयर का स्वागत रिसोर्ट की बुकिंग फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए गंगरेल रिसोर्ट खास रहेगा। सन 2024 के स्वागत में डीजे नाइट के साथ देर रात तक जश्न मनेगा। इसके लिए बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में तैयारी शुरु हो गई है। इधर वाटर स्पोर्टस में रोमांचक एक्टीविटी के लिए फ्लाई बोट गंगरेल डेम में उतर गई है।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर कैलाशराय ने बताया कि नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए रिसोर्ट में ठहरने वाले मेहमानों के लिए खास व्यवस्था रहेगी। 31 फस्ट के लिए रिसोर्ट के सारे काटेज, टेंट हाऊस लगभग बुक होने को है। न्यू ईयर इवेंट में डीजे नाइट के साथ वेज बुफे की स्पेशल वैरायटी रहेगी। बच्चों के लिए मिकी माउस सहित कुछ गेम्स रखे जाएंगे। यह सुविधा रिसोर्ट में रविवार की रात ठहरने वाले गेस्ट के लिए विशेष तौर पर की जा रही है। सेलिब्रेशन पार्टी के लिए कपल का चार्ज 2999, एडल्ट के लिए 1499 तथा किड्स के लिए 799 रूपए रखा गया है।

#### पांच हजार सैलानी पहुंचे

गंगरेल वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि रविवार को वाटर स्पोर्टस के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी रही। करीब पांच हजार सैलानी पर्यटन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वाटर स्पोर्टस में एक साल बाद फ्लाई बोट का रोमांचक खेल शुरु हो गया है। इसका चार्ज आधे घंटे के लिए 4000 रुपये है।



#### मानव वन में रहेगा सन्नाटा

कुछ साल पहले हर्बल मानववन को ठेका में देने के दौरान यहां नए वर्ष का स्वागत धूमधाम से होता था। ठेका समाप्त होने के बाद मानव वन प्रबंधन समिति इसका संचालन कर रही है। फिलहाल मानववन उजाड़ हो गया है। डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि मानववन तथा सत्कार सरोवर मचानहट में किसी प्रकार की तैयारी समिति द्वारा नहीं की जा रही है।

## कुम्हारी में पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

इस वर्ष भी ग्राम कुम्हारी में प्रगतिशील सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज 18 से 20 दिसम्बर तक त्रि दिवसीय भव्य सगीतमय पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7000 रूपये, दूसरा पुरस्कार 5000 रूपये एवं तीसरा पुरस्कार 3500 रूपये दिया जायेगा। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये, दूसरा 3000 रूपये एवं तीसरा पुरस्कार 2000 रूपये रखा गया है।प्रत्येक मंडली को 1101 रूपये सांत्वना राशि दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 151 रुपये रखा गया है। आज शाम 4 बजे वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास नवयुवक सतनाम सेना द्वारा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

## युवा उत्सव में गर्ल्स कालेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**धमतरी।** अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यह कार्यक्रम पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागृह में हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रभारी प्रो. सुश्री रोली जांगड़े, दानेश्वर साहू के निर्देशन में आदिवासी परब नृत्य की प्रस्तुति दी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी आर चौधरी, प्रो. शेखर बांधे, पुखराज साहू एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।

## नशाखोर बटंचीबाजों से परेशान व्यवसायी ने की पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नशाखोर बटंचीबाजों से परेशान एक व्यवसायी ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत करते हुए आरोपियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इन बंटचीबाजों की दहशत के चलते वह अपना व्यवसाय नहीं कर पा रहा है।

विमल टॉकिज रोड में रामकृष्ण पान दुकान के संचालक त्रिभुवन देवांगन पिता रामचंद्र देवांगन ने सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उसने बताया कि बनियापारा निवासी चार युवक अक्सर उनकी दुकान से पान मसाला, सिगरेट सहित अन्य सामग्री की खरीदी करते हैं। जब भी इन लोगों से वे खरीदी गई सामग्रियों का पैसा मांगते हैं, तो बटंची चाकू दिखाकर उसे धमकी देते हैं। 16 दिसंबर को को साढ़े 9 बजे चारों उसकी दुकान में आए थे और सिगरेट, पान मसाला, पानी पाऊच और मिक्चर का पैकेट खरीदा। जब उसने इन वस्तुओं की कीमत मांगी तो गाली-गलौज करते हुए बटंची निकालकर जान से मारने की धमकी दी। श्री देवांगन ने हिम्मत करके पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल करने फोन निकाला तो बदमाशों ने उनका मोबाइल छीन लिया। माफी मांगने के बाद बदमाशों ने मोबाइल लौटाया। दहशत के चलते व्यवसायी ने तुरंत शिकायत नहीं की। बाद में हिम्मत करके उसने सिटी कोतवाली प्रभारी के नाम शिकायत पत्र सौंपा। उसने बताया कि बदमाशों के क्रियाकलापों से हमेशा उसे जान का डर बना रहता है। उसने चारों बदमाशों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।






## अंचल की खबरें

### नशामुक्त समाज के लिए देवगांव में शिविर आयोजित



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम देवगांव में किया जा रहा है। नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम को लेकर शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मोहनी केशव नागवंशी सरपंच थी। अध्यक्षता एसके ध्रुव प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि विमल नेताम उपसरपंच, ईश्वरलाल चन्द्रवंशी, मोहित चन्द्रवंशी, रामलाल मरकाम, लखनलाल नेताम, बृजलाल दीवान, अशोक मंडावी, संतलाल नेताम, कोमल दीवान, श्याम कुमार, श्रीमती भगवती नेताम, विष्णु, मनीराम, ओमप्रकाश नेताम थे।

### लायंस क्लब ने फल व मिष्ठान बांटे



**धमतरी।** जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं एग्जैक्ट फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के स्कूल में लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा फल व मिष्ठान का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। एग्जैक्ट फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने भगवान श्रीराम पर भजन प्रस्तुत कर सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मनोज सोनी, सचिन लायन सरिता दोशी, सहसचिव ज्योति लूनिया, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण हिंदुजा, भूपेश शाह, विजय अग्रवाल, पूजा साहू, अभय थिटे उपस्थित थे।

### नामदेव जयंती पर बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान



**धमतरी।** गोंडवाना समाज भवन में शनिवार को नामदेव जंयती का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दिनेश नामदेव, प्रवीण नामदेव, पवन नामदेव, सुनील नामदेव, वीरू नामदेव, अमित नामदेव, सोनू नामदेव, मधुलता नामदेव, मोना नामदेव, पंछी नामदेव, सोनल नामदेव, रुक्मणि नामदेव, मोनिका नामदेव, पलक नामदेव, प्राची नामदेव, नन्दलाल नामदेव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### जुम्बा और एरोबिक्स की मस्ती में लोग झूमे



**धमतरी।** रोटरी व इनरव्हील क्लब द्वारा दिसंबर माह को फिटनेस मंथ के रूप में मनाया जा रहा है। फिट लाइफ फिटनेस क्लब में जुम्बा एवं एरोबिक्स का सेशन रखा गया। जिज्ञासा तरार ,प्रियंका मानिक, शिवानी चंदवानी, सुनयना अग्रवाल ने जुम्बा का प्रशिक्षण दिया। शनिवार की सुबह 7 बजे काफी लोग एकत्रित हुए। सभी में हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी गीतों में जुम्बा किया। रोटरी अध्यक्ष अजय गोयल ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा दिसंबर माह में तीन दिन जुम्बा योगा व क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। 19 दिसंबर को योग ट्रेनिंग एवं 24 दिसंबर को क्रिकेट मैच होगा। इनरव्हील अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू समेत ढोल बाजे ग्रुप के सदस्य व सर्वोदय स्कूल के बच्चे शामिल हुए।

### छोटा शिरडी धाम कुकरेल में साईं जन्मोत्सव 23 को



**धमतरी।** छोटा शिरडी धाम साईं मंदिर कुकरेल में 23 दिसम्बर को जन्मोत्सव, स्थापना, साईं मेला व नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस दिन मंदिर में सुबह से देर रात तक विविध कार्यक्रम होंगे, जहां दूर-दूर से भक्त आएंगे। कार्यक्रम में सुबह 4 बजे से 5 बजे तक साईं बाबा की कांकड़ आरती, पांच से छह बजे तक बाबा का शाही स्नान, पूजा पाठ, जप तप व आरती होगी। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम, सर्व देवी-देवता का आव्हान, सुबह 11 बजे साईं पालकी, शोभायात्रा, झांकी, गांव भ्रमण होगा। दोपहर 12 बजे हवन, पूजन, पूर्णाहुति, साईं भजन का कार्यक्रम होगा। दोपहर 1 बजे आरती, 2 बजे भजन कीर्तन, विशाल भंडारा, प्रसादी का वितरण होगा। शिरडी धाम के संचालक डॉ. संजय सुलेखा तिवारी ने सभी भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

पंथी नृत्य व गीत के माध्यम से दिया बाबा का संदेश

# गुरू घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







सत्य के प्रणेता गुरू घासीदास की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को सतनामी समाज ने शहर में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना। इस अवसर पर बतौर अतिथि धर्मगुरू सौरभ साहेब थे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कांति सोनवानी अध्यक्ष जिपं धमतरी, टामन सिंह सोनवानी, मीना बंजारे, सुरेन्द्र कुर्रे, डॉ. यूएस नवरत्न, हरिशंकर सोनवानी थे। रैली के पूर्व मंचीय कार्यक्रम में गुरू सौरभ दास ने कहा कि हमेशा काम ऐसा करें कि जिससे दूसरों को तकलीफ न हो। बाबा घासीदास का जन्म ऐसे समय में हुआ जब झूठ कपट, ऊंच-नीच का बोलबाला था। बाबा ने समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी है। मंचीय कार्यक्रम के बाद शाम 7 बजे घड़ी चौक से शोभायात्रा निकाली गई जिसमें वार्डों से आई टोली शामिल हुई। शहर के अधारी नवागांव वार्ड, हटकेशर, आमापारा, मकेश्वर वार्ड, दानीटोला, साल्हेवारपारा आदि के समाजजन घड़ी चौक में इकट्ठे हुए। शोभायात्रा में गुरू घासीदास बाबा के रथ को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। डीजे की धुन पर समाजजन व युवा थिरक रहे थे। रास्ते में पंथी नृत्य व गीत की प्रस्तुति हुई। आतिशबाजी की गई। घड़ी चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, सदरबाजार, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर होते हुए एकलव्य खेल मैदान पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर कोमल संभाकर, मीना कुर्रे, स्वीकृति महिलांगे, विनोद डिंडोलकर, रमेश लहरे, आरपी संभाकर, सुरेन्द्र कुर्रे, धनेश नवरंग, अजय डहरिया, कपिल देशलहरा, इतवारी राम गावस्कर, विजय सोनवानी, रविन्द्र बांधे, ठाकुरराम बंजारे, यूषण जोशी, लोकेश लहरे, आकाश बंजारे, यादराम, चंदू बंजारे, राहुल गायकवाड़, मोहन महिलांगे, सागर गायकवाड़, हेमंत बंजारे, गोपी कुर्रे, चंदू बंजारे, संत कुर्रे, दिनेश्वर बंजारे, राजेन्द्र भारती, रामेश्वर कुर्रे, विजय संभाकर, जितेन्द्र डहरिया, सूरज गहरवाल, अशोक कुर्रे, हीरा गायकवाड़ सहित समाजजन उपस्थित थे।



## मसीही समाज ने प्रभु यीशु का संदेश देने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रभु यीशु का जन्मदिवस 25 दिसंबर को मनाया जायेगा। क्रिसमस पर्व को लेकर ईसाई समुदाय में खुशी का माहौल है। पर्व के उपलक्ष्य में रविवार 17 दिसंबर को शहर में क्रिसमस रैली निकाली गई जिसमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्रिसमस रैली मेनोनाइट चर्च से दोहपर 2.30 बजे निकली जो रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, कोतवाली थाना, बनियापारा, शिवचौक होते हुए पुनः मेनोनाईट चर्च पहुंची। रैली को गंतव्य तक पहुंचने में दो घंटे से अधिक का समय लगा। रैली में प्रभु यीशु आया.. प्रभु यीशु आया.. खुशियां लाया, जैसे नारे लगाए गए। सबसे आगे सांताक्लाज चल रहे थे। डीजे की धुन पर बच्चे थिरक रहे थे। रास्तेभर आतिशबाजी की गई। रैली में पूरे जिले के ईसाई समुदाय शामिल हुए। बच्चों को टाफी और चाकलेट का वितरण किया गया। चर्च पहुंचकर प्रभु की आराधना की गई।

इस अवसर पर आर. पीटर, राजू वर्गिस, सीके भेलवा, विरेंद्र विभार, डा. डायमंड फिलस, शिमोन नारंग, आलोक मजूमदार, संतोष साहू, मनमोहन साहू, अक्षय जोसेफ, जेम्सराम, हेमंत, नीरज कुशवाहा, डा. नीरज नेताम, डा.अर्चना नेताम, अनुराग मसीह, योगेश लाल, वैलेश चरण, स्वप्निल सोनवानी, श्रीमती वर्णिका, श्रीमती स्वप्ना पाल आदि समाजजन मौजूद थे।

## मेगा हैल्थ कैंप में 210 लोगों का हुआ चेकअप



न्यायालय परिसर में लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय के जज के. एल चरयाणी की सलाह पर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस गौतम भादुड़ी बिलासपुर उच्च न्यायालय ने शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर जिला एवं सत्र न्यायालय के जज श्री चरयाणाी ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची और सबसे बड़ी सेवा है। लोक अदालत में खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों व सदस्यों, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला चिकित्सालय धमतरी के डॉ.एस. मधुप चर्म रोग विशेषज्ञ और उनकी मेडिकल टीम नमिता नाग फार्मासिस्ट, उमाकांत वैद्य मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, कुमारी ललिता ठाकुर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, ओमनारायण साहू, प्रदीप साहू वार्ड बॉय, मनोज ध्रुव ने सेवाएं दी। शिविर में निःशुल्क दवाई, ब्लड प्रेशर और शुगर का चेकअप किया गया। शिविर का 210 लोगों ने लाभ लिया।

## जेल में नहीं है कोई नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग के निरीक्षण में जिला जेल में एक भी नाबालिग बंदी नहीं मिला है। इसकी जानकारी देते हुए जेलर ने बताया कि जेल में नाबालिगों को रखने का प्रावधान नहीं है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 15 दिसंबर को जिला जेल का निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण में एपीओ प्रमोद अमृत, डीपीओ हरिकीर्तन राठौर, श्रीमती मोहनी रानी, हेमराज सोनी शामिल थे। निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों ने जानकारी दी थी कि जेल में चार नाबालिग बंदी हैं। इन बंदियों की उम्र का आकलन उनकी जन्मतिथि को देखकर किया गया था। रविवार को जेल प्रशासन ने इस जानकारी को गलत ठहराया। जेलर ने बताया कि इस खबर को विधिक सेवा प्राधिकरण ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने बताया कि जेल में कोई भी नाबालिग बंदी नहीं है।











